Email ID : ee_cd_kaushambi@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
मंझनपुर, कौशाम्बी– 212207

डाउनलोड
जल सारथी ऐप

पत्रांक : 01 / एम–08 / कैम्प दिनांक : 13.09.2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
कौशाम्बी।

विषय– दैनिक भास्कर मे प्रकाशित खबर "टोंटी तक नही पहुँचा पानी, आधी–अधूरी पडी है पानी की टंकियाँ" की निस्तारण आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर मे प्रकाशित खबर "टोंटी तक नही पहुँचा पानी, आधी–अधूरी पड़ी है पानी की टंकियाँ" के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत विकास खण्ड– सरसवॉं की ग्राम पंचायत– पूरब सरावॉं में पेयजल योजना निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग उच्च जलाशय एवं 6.992 किमी0 पाइप लाइन व 510 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। जिसके सापेक्ष नलकूप बोरिंग, पम्प हाउस व बाउण्ड्रीवाल का कार्य 100 प्रतिशत, एवं उच्च जलाशय का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण कराया जा चुका है तथा 6.289 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 382 नग गृह संयोजन प्रदान किया जा चुका है, साथ ही साथ योजना से आंशिक जलापूर्ति भी प्रारम्भ कर दी गयी। वर्तमान में योजना की पाइप लाइन टेस्टिंग एवं कमीशनिंग का कार्य प्रगति पर है, टेस्टिंग के दौरान पाइप लाइन में पाये गये लीकेजों की मरम्मत का कार्य भी फर्म द्वारा कराया जा रहा हैं। उक्त के अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी कुल 3.26 किमी0 सड़के/गलियों के सापेक्ष 2.30 किमी सड़के/गलियों को पुर्नस्थापित करा दिया गया है, शेष सड़कों/गलियों को आवगमन हेतु मोटरेबुल करा दिया गया है, जिसे पाइप लाइन टेस्टिंग के उपरान्त पूर्व की भॉंति पुर्नस्थापित करा दिया जायेगा। योजना के समस्त निर्माण कार्य 31.07.2027 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य है, जिसे समयान्तर्गत पूर्ण करा लिया जायेगा।

जनपद कौशाम्बी में जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 626 नग राजस्व ग्राम हेतु 275 नग पेयजल योजनाएँ स्वीकृत है। जिसके सापेक्ष समस्त पेयजल योजनाओं में सम्मिलित राजस्व ग्रामों में कार्य प्रारम्भ कराया जा चुका है। योजनान्तर्गत कुल 358 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 354 नग ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य पूर्ण करते हुये 348 नग ट्यूबवेल पूर्णतः विकसित कर दिया गया है। 311 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 285 नग उच्च जलाशय का पूर्ण किये जा चुके है, शेष 26 नग उच्च जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पाइप लाइन बिछाने के कुल लक्ष्य 4124 सापेक्ष 3811 किमी0 पाइप लाइन बिछायी जा चुकी है। साथ ही साथ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी कुल 1677 किमी0 सड़के/गलियों के सापेक्ष 1583 किमी सड़के/गलियों को पुर्नस्थापित करा दिया गया है, शेष सड़कों/गलियों को आवगमन हेतु मोटरेबुल करा दिया गया है। गृह संयोजन हेतु कुल लक्ष्य 214555 के सापेक्ष 208100 नग हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किये जा चुके है। साथ ही साथ 218 पेयजल योजनाओं में सम्मिलित 421 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति भी प्रारम्भ कर दी गयी है। स्वीकृत 275 नग पेयजल योजनाओं मे से 243 नग पेयजल योजना के निर्माण कार्य शत्–प्रतिशत पूर्ण कराते हुये 141 नग योजना का संचालन एवं अनुरक्षण कार्य भी प्रारम्भ करा दिया गया है तथा 102 नग पेयजल योजनाओं में टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य प्रगति पर है जिसे आगामी 05 माह में एवं निर्माणाधीन शेष 32 नग पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य को आगामी 06 माह मे भौतिक कार्य शत्–प्रतिशत पूर्ण कराकर समस्त घरो में पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जायेगी।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।
4. जिला सूचना अधिकारी, कौशाम्बी।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner